प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 सोमवार                                        दिनांक 23.03.2026

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

प्रमुख समाचार –

1– आज लोकसभा म प्रधानमंत्री ह किहीन कि पश्चिम एशिया म संघर्ष के बाद घलो भारत म ऊर्जा सुरक्षा के संगेसंग पूरा देस म पेट्रोल अउ डीजल के आपूर्ति बने ढंग ले चलत हे।

2– बालोद जिला के भंवरमरा गांव के तीर पाछू रतिहा एक ठिन गाड़ी के पलटे ले एमा बइठे दू झिन माईलोगिन के मउत– बारह झिन मनखे मन के हालत गंभीर।

3– आज चइत नवरात्रि के पंचमी के मउका म जम्मों देवी माता के मंदिर मन म बिसेस पूजापाठ करे जात हे– जेल मन म करीबन दू हजार चार सौ कैदी मन ह घलो नवरात्रि परब के राखे हवय उपास।

.........................................................

प्रधानमंत्री–पश्चिम एशिया संघर्ष

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ह किहीन हे कि पश्चिम एशिया म ए बेरा लड़ई के बाद घलो भारत म ऊर्जा सुरक्षा के कोनो संकट नइ हे। आज लोकसभा म पश्चिम एशिया संघर्ष उपर भारत के बिचार ल स्पष्ट करत किहीन कि पूरा देस म पेट्रोल अउ डीजल के आपूर्ति बने ढंग ले चलत हे। प्रधानमंत्री ह किहीन कि भारत के तीर तिरपन लाख मीट्रिक टन ले जादा जरूरी पेट्रोलियम भंडार हवय। श्री मोदी ह सदन ल सूचित करीन कि पैंसठ लाख मीट्रिक टन ले जादा उपराहा भंडारण के बेवस्था उपर घलो काम करे जात हे।

प्रधानमंत्री ह किहीन कि ए संघर्ष तीन हफ्ता ले जादा बेरा ले चलत हे अउ एखर प्रभाव पूरा दुनिया म पड़त हे। ओमन किहीन कि अभी के स्थिति ल देखत पूरा दुनिया ह ए लड़ई ल रोके बर बिनती करत हे। प्रधानमंत्री ह किहीन की ए गंभीर स्थिति म देस अउ विदेस म रहइया भारतीय मनके सुरक्षा सरकार के पहिली

प्राथमिकता हरय। श्री मोदी ह किहीन कि लड़ई के सुरूआत ले अब तक तीन लाख पचहत्तर हजार ले जादा भारतीय मन ह देस लहुट चुके हे।

------------------------------------------------------

<u>टीबी मुक्त भारत अभियान</u>

विश्व टीबी दिवस के मउका म काली उत्तर प्रदेस के ग्रेटर नोएडा म राखे गे राष्ट्रीय कारीकरम ले केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ह सौ दिन के—टीबी मुक्त भारत अभियान के सुरूआत करीन। श्री नड्डा ह टीबी मुक्त भारत ऐप अउ टीबी मुक्त सहरी वार्ड पहल के घलो सुभारंभ करीन। ए कारीकरम के उद्देस्य टीबी के मामला के तेजी ले पता लगाना, इलाज अउ सेवा मन म सुधार करना हे।

स्वास्थ्य अउ परिवार कल्याण मंत्रालय ह किहीन कि ए प्रयास विश्व टीबी दिवस दू हजार छब्बीस के बिसय—हां! हम टीबी को खत्म कर सकते हैं! के मुताबिक हवय।

------------------------------------------------------

<u>शहीद दिवस</u>

आज राष्ट्र ह महान स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह, राजगुरू अउ सुखदेव ल उंखर शहीदी दिवस उपर श्रध्दांजलि देवत हे। एमन ल बछर उन्नीस सौ इकतीस म आजे के दिन लाहौर के केंद्रीय जेल म फांसी दे दे गे रिहीस।

ए मउका म माय भारत कोति ले मेरा भारत—मेरी जिम्मेदारी थीम उपर  राजधानी रईपुर के संगेसंग प्रदेस के कतकोन जघा म पदयात्रा निकाले गीस। माय भारत के राज्य निदेशक अर्पित तिवारी ह आकाशवाणी समाचार ल बतइन कि राजधानी म ए पदयात्रा तेलीबांधा स्थित मरीन ड्राइव ले शहीद भगत सिंह चौक पहुंचिस, जिंहा शहीद मन श्रध्दांजलि दे गीस।

------------------------------------------------------

<u>विश्व वानिकी दिवस—कार्यशाला</u>

विश्व वानिकी दिवस के मउका म राजधानी रईपुर म राखे गे कार्यशाला म वन अउ जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ह किहीन कि प्रदेस के लोगन मनके जिनगी प्रकृति उपर आधारित हे अउ वन ल संजो के राखे के सरलग परयास करे जात हे। ओमन वन क्षेत्र म बढ़ोत्तरी, वन्य जीव के संख्या मन म बढ़ोत्तरी के संगेसंग राज्य के पहिली रामसर साइट के उपलब्धि के प्रसंसा करीन। संगेसंग विभागीय योजना मन ल चरणबध्द तरीका ले लागू करे उपर जोर दीन। कारीकरम म टीईआरआई नई दिल्ली डहार ले वन पारिस्थितिकी तंत्र सेवा के मूल्यांकन, जलवायु परिवर्तन अउ पारंपरिक ज्ञान ले जुड़े पुस्तक मन के विमोचन करे गीस।

---------------------------------------------------------

भूमिहीन कृषि मजदूर

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत एसो प्रदेस के करीबन पांच लाख भूमिहीन हितग्राही मनके खाता म सोज्झे दस हजार रूपिया के हरेक हितग्राही मन ल दे जाही। पच्चीस मार्च के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ह बलौदाबाजार म राखे गे एक ठिन कारीकरम के दउरान ए पइसा ऑनलाइन खाता म डालही। एखर बर राज्य सरकार कोति ले करीबन चार सौ छियानबे करोड़ रूपिया के प्रावधान राखे गेहे। ए सूची म बाईस हजार ले जादा बैगा अउ गुनिया परिवार घलो सामिल हे। ए योजना म अइसन गांव के परिवार मन ल सामिल करे गेहे। जिंखर मन के आय मजूरी ले होथे।

---------------------------------------------------------

दुर्घटना

बालोद जिला के मंगचुआ थाना क्षेत्र के भंवरमरा गांव तीर पाछू रतिहा एक ठिन गाड़ी के अंतेतंते होके पलटे ले एमा बइठे दू झिन माईलोगिन के मउत होगे। उहें, अटठारा झिन मनखे घायल होगे, जेमा ले बारह झिन के हालत गंभीर बने हे। घायल मन म दू झिन लइका घलो सामिल हे। मिले जानबा के मुताबिक एक ठिन कारीकरम म सामिल होय के बाद पददेटोला गांव के बीस झिन लोगन मन लहुटत रिहीन। इही बीच ए गाड़ी ह टोला मोड़ के तीर पलट गे।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ह दुर्घटना उपर दुख जतावत मृतक के परिजन मन उपर संवेदना जताय हे। घायल मनखे मनके इलाज बर पूरा सहायता करे के निरदेस देहे।

---

श्रमिक–सम्मेलन

बिलासपुर म राखे गे श्रमिक सम्मेलन म हितग्राही मन के खाता म सरकार के आने–आने योजना के तहत एक करोड़ छत्तीस लाख रूपिया ले जादा के पइसा डीबीटी के माध्यम ले दे गेहे। कारीकरम म मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल ह हितग्राही मन ल आने–आने योजना के तहत प्रतिकात्मक चेक अउ ई–रिक्सा के चाबी दीन। ओमन शासन के कल्याणकारी योजना मनके फायदा लेबर मजूर मनके पंजीयन करे उपर जोर दीन।

---

सुरक्षा बल–ग्रामीण संवाद

नारायणपुर जिला के कुमनार थाना क्षेत्र म भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी के उनतीसवां बटालियन अउ जिला पुलिस नारायणपुर कोति ले पुलिस जन संवाद अउ जनकल्याणकारी कारीकरम राखे गीस। ए कारीकरम के उद्देस्य इंहा के लोगन अउ आदिवासी समुदाय के संग बिस्वास अउ सहयोग ल बढ़िया बनाना अउ सुरक्षा के प्रति लोगन मन ल जागरूक करना हे। कारीकरम के दउरान इंहा के लोगन मन बर मुफत म स्वास्थ्य जांच अउ इलाज बर सिविर लगाय गीस। संगेसंग पुलिस अउ आईटीबीपी के अधिकारी मन ह गांव के लोगन मन ले गोठबात करके ओखर मनके समस्या ल जानिन। संगेसंग गांव के स्कूली लइका मन ल बैग, कापी अउ स्टेशनरी के संगेसंग आने जिनिस बांटे गीस।

---

गंगरेल–नौकायान उत्सव

धमतरी जिला के गंगरेल बांध म पहिली घांव नौकायान उत्सव के तहत महानदी रिवर बोट चैंपियनशिप के आयोजन करे गीस। मचान हाट प्वाइंट ले गंगरेल ब्लू एडवेंचर स्पोर्ट्स पाइंट तक एक हजार मीटर के दूरी म राखे गे ए प्रतियोगिता म सुघ्घर ढंग ले टीम वर्क के प्रदर्सन करे गीस। ए प्रतियोगिता म धमतरी, कांकेर

अउ बालोद जिला के कुल बावन टीम मन भाग लीन। आयोजन के खास बात गांव–गंवई के महिला प्रतिभागी मनके भागीदारी रिहीस। तिर्रा गांव के चयन बाई, सुमन अउ दिनेश्वरी निधार ह पारंपरिक लकड़ी के नांव के संग प्रतियोगिता म सामिल होइन। प्रतियोगिता म पहिली स्थान म रोमार निषाद तिरी अउ जीतु निषाद दूसर स्थान म अपन जघा बनाइन। विजेता टीम मन ल समापन के मउका म पुरस्कार दे गीस। कारीकरम के सुभारंभ विधायक ओमकार साहू अउ महापौर रामू रोहरा ह करीन।

---

अफीम खेती

प्रदेस म अफीम के अवैध रूप ले खेती करे के मामला सरलग आगु आवत हे। रायगढ़ जिला के लैलूंगा क्षेत्र के घटगांव म घलो अफीम के खेती करत मनखे ल पकड़े गेहे। सूचना मिले के बाद पुलिस के टीम ह मउका म पहुंचके जांच करीन अउ दू झिन आरोपी मन ल गिरफ्तार करे हे। अफीम ल घटगांव म सब्जी के बाड़ी के बीच उगाय गे रिहीस। सत्रह दिन के भीतर प्रदेस म अफीम के अवैध रूप ले खेती करे के एहा पांचवां मामला हरय।

---

जेल–नवरात्र पर्व

आज चइत नवरात्रि के पंचमी के मउका म जम्मों देवी माता के मंदिर मन म बिसेस पूजापाठ करे जात हे। माता सेवा के संगेसंग चढ़ावा के रसम करे जात हे। उहें, प्रदेस के जम्मो जेल मन म घलो नवरात्रि के परब श्रध्दा अउ भक्तिभाव के संग मनाय जात हे।

ए मउका म कैदी मन बर बिसेस बेवस्था करे गेहे। जेल मन म करीबन दू हजार चार सौ कैदी मन ह नवरात्रि परब के उपास राखे हवय। जेमा ले दू हजार एक सौ पच्चीस पुरूष अउ दू सौ बहत्तर माईलोगिन कैदी मन सामिल हे। इंखर मन बर जेल प्रशासन कोति ले पूजापाठ के संगेसंग फलाहार के बेवस्था घलो करे गेहे।

---

दुर्घटना

बालोद जिले के मंगचुआ थाना क्षेत्र के भंवरमरा गांव के पास बीती रात एक वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने से इसमें सवार दो महिलाओं की मौत हो गई। वहीं, अट्‌ठारह अन्य लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से बारह की हालत गंभीर बताई जाती है। घायलों में दो बच्चे भी शामिल हैं। मिली जानकारी के मुताबिक़ एक कार्यक्रम में शामिल होने के बाद पददेटोला गांव के बीस ग्रामीण लौट रहे थे। इसी बीच, उनका वाहन टोला मोड़ के पास पलट गया।

---------------------------------------------------------

विश्व वानिकी दिवस–कार्यशाला

विश्व वानिकी दिवस के मौके पर राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यशाला में वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि प्रदेश के लोगों का जीवन प्रकृति पर आधारित है और वनों के संरक्षण तथा संवर्धन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। कार्यक्रम में टीईआरआई नई दिल्ली द्वारा वन पारिस्थितिकी तंत्र सेवाओं के मूल्यांकन, जलवायु परिवर्तन और पारंपरिक ज्ञान से संबंधित पुस्तकों का विमोचन भी किया गया। कार्यशाला में राष्ट्रीय अनुकूलन कोष परियोजनाओं से जुड़े हितग्राहियों ने अपने अनुभव साझा किए।

---------------------------------------------------------

अफीम खेती

रायगढ़ जिले के लैलूंगा क्षेत्र के घटगांव में भी अफीम की खेती पकड़ी गई है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। घटगांव में सब्जियों की बाड़ी के बीच अफीम उगाई जा रही थी। सत्रह दिनों के भीतर प्रदेश में अफीम की अवैध रूप से खेती करने का यह पांचवां मामला सामने आया है।

---------------------------------------------------------

गंगरेल–नौकायान उत्सव

धमतरी जिले के गंगरेल बांध में पहली बार नौकायान उत्सव के तहत कल महानदी रिवर बोट चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। मचान हाट प्वाइंट से गंगरेल ब्लू एडवेंचर स्पोर्ट्स प्वाइंट तक एक हजार

मीटर की चुनौतीपूर्ण दूरी में आयोजित इस रोमांचक प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अद्भुत गति, संतुलन और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में धमतरी, कांकेर और बालोद जिले की कुल बावन टीमों ने भाग लिया। आयोजन की सबसे खास बात ग्रामीण अंचलों की महिला प्रतिभागियों की भागीदारी रही। तिर्रा गांव की चयन बाई, सुमन और दिनेश्वरी निधार पारंपरिक लकड़ी की नाव के साथ प्रतियोगिता में शामिल हुई।

---------------------------------------------------------

जेल–नवरात्र पर्व

चैत्र नवरात्र की आज पंचमी तिथि है। इस मौके पर प्रदेश के सभी शक्तिपीठों और देवी मंदिरों में विशेष धार्मिक अनुष्ठान हो रहे हैं। वहीं, मां दुर्गा के दर्शन के लिए धार्मिक स्थलों पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है।

प्रदेश की सभी जेलों में भी नवरात्रि पर्व श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर बंदियों के लिए विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं, जिससे वे धार्मिक आस्था के अनुरूप उपवास और पूजा–अर्चना कर सकें। जेलों में करीब दो हजार चार सौ कैदी चैत्र नवरात्र का उपवास कर रहे हैं, जिनमें दो हजार एक सौ पच्चीस पुरुष और दो सौ बहत्तर महिला कैदी शामिल हैं। इन व्रतियों के लिए जेल प्रशासन की ओर से फलाहार, स्वच्छ पेयजल, पूजा सामग्री और आरती–पूजन की व्यवस्था की गई है।

---------------------------------------------------------

सुरक्षा बल–ग्रामीण संवाद

नारायणपुर जिले के कुमनार थाना क्षेत्र में भारत तिब्बत सीमा पुलिस बल–आईटीबीपी की उनतीसवीं बटालियन और जिला पुलिस नारायणपुर की ओर से पुलिस–जन संवाद तथा जनकल्याण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय ग्रामीणों की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच और उपचार के लिए शिविर लगाया गया। कार्यक्रम स्थल पर गांवों के स्कूली बच्चों को बैग, कॉपी, स्टेशनरी सहित अन्य शैक्षणिक सामग्री वितरित की गई।

-------------------------------------------------------

<u>मौसम</u>

<u>और अब पेश है मौसम का हाल...</u>

एक पश्चिमी विक्षोभ ऊपरी हवा के चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण के रूप में जम्मू कश्मीर और उसके आसपास स्थित है। इसके साथ मध्य क्षोभमंडल में एक द्रोणिका बनी हुई है। इसके असर से राज्य के मौसम के कल शुष्क रहने की संभावना है। इस दौरान अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। वहीं, छब्बीस मार्च से दक्षिण छत्तीसगढ में हल्की वर्षा का दौर शुरू हो सकता है।

-------------------------------------------------------

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

<u>और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...</u>

– यात्रियों से शिकायत मिलने के बाद रेलवे सुरक्षा बल दुर्ग की टीम ने बिलासपुर–चेन्नई एक्सप्रेस से बारह किन्नरों को गिरफ्तार किया है।

– भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह आवेदन आगामी एक अप्रैल तक ज्वाइन इंडियन आर्मी वेबसाइट पर भरे जा सकते हैं।

– एकीकृत बाल विकास परियोजना के तहत गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के पेण्ड्रा स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र अहिरानपारा अमारू में सहायिका के एक पद पर भर्ती के लिए आगामी छह अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

– दंतेवाड़ा पुलिस ने साइबर ठगी के मामले में झारखंड के कोडरमा से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस आरोपी के खिलाफ छत्तीसगढ़ सहित देश के कई अन्य राज्यों में साइबर ठगी के मामले दर्ज है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>